>

Title: Need to give minimum wages to Anganwadi workers in the country.

श्री पोन्नम प्रभाकर (करीमनगर): महोदय, आज टीचर्स डे के मौके पर मैं सभी टीचर्स को मुबारकबाद देकर एक महत्वपूर्ण मुद्दा आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहता हूं।

महोदया, सात हजार साइंटिस्ट आंगनवाड़ी के प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें लाखों महिलाएं काम कर रही हैं। उनका कोई मिनीमम वेजिस नहीं है। उनको मिनीमम वेजिस दिलाने के लिए हमारी तरफ से आपके माध्यम से सरकार को निवेदन कर रहा हूं क्योंकि आंगनवाड़ी में काम कर रहे बच्चों और महिलाओं को मिनीमम वेजिस नहीं मिल रहा है। वह सरकार के अन्य काम भी काम करती हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से फिर कहना चाहता हूं कि यह छोटी सी चीज है। आंगनवाड़ी की महिलाएं गांव-गांव में पहुंचती हैं। हमारे क्षेत्र में उनको तीन हजार रुपये मिलते हैं। आज टीचर्स डे है और वे भी आंगनवाड़ी टीचर्स हैं इसलिए उनको मिनीमम वेजिस दिया जाना चाहिए यही हमारी मांग है।

श्री इज्यराज सिंह (कोटा): अध्यक्ष महोदया, मैं अपने आपको श्री पोन्नम प्रभाकर द्वारा उठाए गए मुद्दे से सम्बद्ध करना चाहता हूं।

श्री रवनीत सिंह (आनंदपुर साहिब): महोदया, मैं अपने आपको श्री पोन्नम प्रभाकर द्वारा उठाए गए मुद्दे से सम्बद्ध करता हूं।